MOST आर्डर के बारे में मेरा स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता फैसला कैसे करेगा?

आपके लिए सही आर्डर को चुनना आपके तथा आपके डॉक्टर या नर्स प्रेक्टीशनर के बीच एक साझी प्रक्रिया है।

इकठ्ठे मिलकर, आप एडवांस केयर प्लानिंग (एसीपी) वार्तालाप से शुरुआत करेंगे जो निम्नलिखित में से प्रत्येक का पता लगाएगा:

- आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, जिसमें आपके मूल्य, विश्वास और लक्ष्य शामिल हैं
- आपका स्वास्थ्य और भविष्य में यह कैसा दिख सकता है
- आपके लिए वर्तमान और भविष्य के उपलब्ध इलाज

क्या मेरे MOST आर्डर को बदला जा सकता है?

हाँ, इसे किसी भी समय बदला जा सकता है।

आपका डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर वर्ष में कम से कम एक बार आपके साथ आपके MOST ऑर्डर की समीक्षा करता है और जब इनमें से कुछ भी होता है:

· आपका स्वास्थ्य बदलता है

· आप अस्पताल जाते हैं

▶ स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्राप्त करने के लिए आपके पास MOST होना जरूरी नहीं है।

▶ आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम, दर्द और अन्य लक्षणों के इलाज सहित, हमेशा अच्छी चिकित्सा देखभाल करेगी।

▶ अपनी देखभाल में शामिल लोगों को बताएं कि आपके पास MOST ऑर्डर है और वह कहां है।

मेरा MOST आर्डर किस के पास होता है?

यह आपके पास रहता है। इसे ग्रीनस्लीव में घर पर अपने फ्रिज पर रखें।

आपको इसे इन समयों पर अपने साथ लाना चाहिए:

· जब आप आपातकालीन विभाग में जाते हैं

· जब आप अस्पताल में भर्ती हों

· जब आप किसी मेडिकल अपॉइंटमेंट पर जाते हैं

आपका MOST ऑर्डर फ्रेज़र हेल्थ के भीतर आपके इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड का भी हिस्सा है।

अंदर MOST ऑर्डर वाला ग्रीनस्लीव

भविष्य के बारे में सोचते हुए...

भविष्य की देखभाल के बारे में पहले से सोचना अच्छा है लेकिन एक समय ऐसा भी आ सकता है जब आप जो देखभाल चाहते हैं वह आपके लिए सही नहीं होगी। आपके स्वास्थ्य में बदलाव का मतलब यह हो सकता है कि जो इलाज आपको पहले बेहतर बना सकता था, वह अब आपकी मदद नहीं कर रहा है या आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं से बात करें और पता करें कि आपके लिए क्या सही होगा।

1-877-825-5034

advancecareplanning@fraserhealth.ca

www.fraserhealth.ca/ACP

यह जानकारी आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा आपको दी गई सलाह का स्थान नहीं लेती।

Catalogue #262740 (July 2023) Hindi

For more copies: patienteduc.fraserhealth.ca

Hindi

इलाज के दायरे के लिए मेडीकल आर्डर

Medical Order for Scope of Treatment

भविष्य में आपकी देखभाल की तैयारी

कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन और अन्य चिकित्सा निर्देश

fraserhealth

Better health. Best in health care.

इलाज के दायरे के लिए मेडीकल आर्डर (MOST) क्या है?

यह एक चिकित्सा आदेश है जो इन दोनों के लिए निर्देश देता है:

- कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन (CPR), यदि आपका हृदय और सांस रुक जाते हैं
- अन्य चिकित्सा उपचार जो बीमारियों के इलाज, दर्द के प्रबंधन, या गंभीर देखभाल के साथ परामर्श पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं

MOST ऑर्डर आपके डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर द्वारा पूरा किया जाता है।

CC0/Pixabay.com

मुझे MOST की क्या जरूरत है ?

यदि आप स्वास्थ्य देखभाल संबंधी निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं, तो MOST आदेश आपकी देखभाल का मार्गदर्शन कर सकता है। यदि आप ऐसी बीमारियों से जूझ रहे हैं जो आमतौर पर समय के साथ बदतर होती जाती हैं और जिनका कोई इलाज नहीं है, तो हम आपको MOST ऑर्डर रखने का सुझाव देते हैं। इन रोगों में शामिल हो सकते हैं:

- डायबिटीज़
- हृदय या गुर्दे का फेल होना
- फेफड़ों की बीमारी (COPD)
- कैंसर
- मनोभ्रंश (डिमेन्शिया)

यदि आपके पास कोई MOST ऑर्डर नहीं है, तो आपातकालीन स्थिति में, आपको संभवतः CPR मिलेगा और आपको जीवन रक्षक मशीनों पर रखा जाएगा - भले ही आप ऐसा न चाहें।

Photo by Mikhail Nilov/Pexels.com

CPR क्या है?

जब किसी को कार्डियक अरेस्ट होता है तो उसे वापस जीवन में लाने के लिए सीपीआर दिया जाता है। कार्डियक अरेस्ट तब होता है जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है और उसके फेफड़े सांस लेना बंद कर देते हैं। यह हार्ट अटैक से अलग है। दिल का धड़कना कई कारणों से बंद हो सकता है और यह अधिकतर घर पर ही होता है।

CPR में किसी के द्वारा की गई ये क्रियाएं शामिल हो सकती हैं:

• हृदय से शरीर तक रक्त पहुंचाने के लिए आपकी छाती पर दबाव डालना

• आपके मस्तिष्क तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए आपके फेफड़ों में हवा को धकेलना

पुनर्जीवित करने के अन्य उपचारों में शामिल हो सकते हैं:

• आपके दिल को फिर से शुरू करने की कोशिश करने के लिए दवाएँ देना

• हृदय को पुनः चालू करने का प्रयास करने के लिए किसी मशीन से बिजली के झटके का उपयोग करना

यदि आपका हृदय पुनः चालू हो जाता है, तो आपको जीवन रक्षक मशीनों पर रखा जाएगा।

CPR आपके हृदय की सामान्य मात्रा से आधे से भी कम रक्त को आपके मस्तिष्क और शरीर में पंप करता है। यदि आपका हृदय 5 मिनट से अधिक समय तक रुकता है, तो संभावना है कि आपकी मृत्यु हो जाएगी या मस्तिष्क क्षति हो जाएगी। मस्तिष्क क्षति से आपकी बात करने, लोगों को पहचानने और अपना ख्याल रखने की क्षमता प्रभावित होती है।

CPR हर किसी के लिए सही क्यों नहीं है?

CPR उन वयस्कों के लिए अच्छा काम करता है जो काफी स्वस्थ हैं, **और** जब ऐसी स्थिति में अन्य लोग भी वहां मौजूद हों, **और** जब कोई तुरंत CPR शुरू करे।

जिन वयस्कों को तुरंत CPR मिलता है, उनमें से 20 में से केवल 3 (15%) के ही जीवित रहने की संभावना होती है। जीवित बचे 20 लोगों में से केवल 1 व्यक्ति (5%) ही घर लौटने के लिए पर्याप्त रूप से ठीक हो पाएगा।

BC EHS. (2016/2017). कार्डियक अरेस्ट संबंधी वार्षिक रिपोर्ट

भले ही हृदय फिर से चालू हो जाए, CPR किसी भी ऐसी चिकित्सीय स्थिति में सुधार नहीं करेगा जिसके कारण हृदय रुक गया था।

इसलिए, CPR की सिफारिश निम्न के लिए नहीं की जाती है:

· ऐसी बीमारियों वाले वयस्क जिनके कारण पहले से ही उनके हृदय, फेफड़े, गुर्दे या मस्तिष्क को नुकसान पहुंच चुका है

· वयस्क जो अपने जीवन के स्वाभाविक अंत पर हैं

आपका MOST एडवांस केयर प्लानिंग का हिस्सा है।

आपका MOST चिकित्सा देखभाल के लिए आपके व्यक्तिगत मूल्यों और प्राथमिकताओं को साझा करने का एक तरीका है - अभी भी और भविष्य में भी।